हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 4 अक्टूबर

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


### किसान बोले–बारिश से धान की फसल को होगा नुकसान

# अक्टूबर में झमाझम बारिशः दिन में छाए घने बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



कोरिया जिले में शुक्रवार की सुबह के समय हुई मध्यम बारिश के बाद आसमान में घने काले बादल छाए रहे और मौसम दिन सुहाना बना रहा। इसी दौरान दोपहर 2 बजे के समय अचानक उमड़ते-घूमड़ते बादलों के बीच झमाझम बारिश जिला मुख्यालय बैकुंण्ठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में शुरू हो गई।

झमाझम बारिश आधे घंटे से अधिक समय तक हुई, इसके बाद बारिश तो थम गई, लेकिन आसमान में बादल शाम ढलने तक बने रहे। बारिश बादल के बीच शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी के उपर बने गहरा अवदाब के प्रभाव से जिले में बारिश की गतिविधियां फिर से शुरू हो गई। हालांकि एक दो ही इस तरह की स्थिति बनती रहेगी, इस दौरान कई जगहों पर गरज के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है और इसके बाद मौसम पूरी तरह से साफ हो जाएगा। ⏭ शेष पेज 4 पर

## दिनभर रूक-रूक कर होती रही बारिश

**सोनहत।** 3 अक्टूबर को मौसम के बदले मिजाज का असर पूरे दिन भर देखने को मिला। देर रात से ही शुरू हुई बारिश का सिलसिला सुबह तक जारी रहा। सुबह करीब 10 बजे के बाद कुछ समय के लिए आसमान साफ हुआ, जिससे हल्की धूप निकली, लेकिन तेज हवाओं के साथ दोबारा रूक-रूक कर हुई बारिश ने पूरे दिन मौसम को अस्त-व्यस्त बनाए रखा। हालांकि दोपहर 2 बजे के बाद बारिश थमने से ग्रामीण अपने दैनिक कार्यों और हल्की खरीद-फरोख्त के लिए बाजारों और सड़कों पर निकलते नजर आए। आसमान में बादलों का डेरा शाम तक बना रहा। जानकार किसानों का कहना है कि आसमान में छाए बादलों को देखकर आने वाले दिनों में भी बारिश जारी रहने की संभावना है।


**बी.एम. कॉलेज**
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
**B.Ed.**
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स — प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116


## कांग्रेस का जिला स्तरीय आंदोलन आज

**बैकुण्ठपुर।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा जिला स्तरीय बिजली न्याय आंदोलन के तहत 4 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 1 बजे बिजली न्याय आंदोलन शुरू कर बैकुंठपुर के बिजली कार्यालय का घेराव कर विरोध जताएंगे। जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता 4 अक्टूबर को स्थानीय राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय परिसर में उपस्थित होंगे, यहां से कांग्रेसजन बिजली कार्यालय का घेराव करने निकलेंगे। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 400 यूनिट तक की बिजली हाफ योजना समाप्त कर दी और लगातार दरों में बेतहाशा वृद्धि की है, इससे जनता पर महंगी बिजली का बोझ बढ़ा है। कांग्रेस की सरकार 400 यूनिट योजना से 54 लाख उपभोक्ताओं को राहत मिलती थी ,जिसे भाजपा सरकार ने खत्म कर आम जनता को संकट में डाल दिया है।







